प्रायश्चित का उत्सव

जब रिटायरमेंट के बाद बड़े बेटे प्रशांत ने शहर के सबसे महंगे 'ओल्ड एज केयर कम विला' में बाबूजी के लिए कमरा बुक किया, तो बाबूजी–सेवानिवृत्त मुंशी रामप्रसाद जी–ने विरोध नहीं किया। वे अपने साथ केवल एक चीज़ लेकर आए–एक फटी हुई, पीली पड़ चुकी नोटबुक, जिसमें पिछले चालीस सालों के दूध, राशन और ब'चों की स्कूल फीस का हिसाब था।

प्रशांत ने कमरे का रिमोट वाला पर्दा उठाते हुए गर्व से कहा, ÷बाबूजी, यहाँ की खिड़की से पूरी झील दिखती है। अब आपको पुराने मोहल्ले की उस धूल और शोर में रहने की ज़रूरत नहीं।

रामप्रसाद जी ने खिड़की की ओर देखा भी नहीं। उन्होंने अपनी उस नोटबुक को मखमली सोफे के कोने पर ऐसे रखा जैसे कोई ज़हरीला सांप रख रहे हों। उन्होंने एक ठंडी सांस ली और बोले, ÷झील तो बहुत सुंदर है बेटा, पर मेरी आँखों को उस नाली की बदबू की आदत है जिसे पार करके मैं रोज़ कचहरी जाता था ताकि तुम्हारी ट्यूशन की फीस भर सकूँ। यहाँ की हवा इतनी साफ है कि मुझे डर लग रहा है कि कहीं मेरे फेफड़े इस अमीरी को झेल न पाएँ और फट जाएं।

प्रशांत के चेहरे पर छाई मुस्कान जम गई। उसे लगा जैसे उसके 'रिटर्न गिफ्ट' पर किसी ने तेज़ाब छिड़क दिया हो।

अगले कुछ हफ्तों में रामप्रसाद जी ने उस आलीशान विला को एक 'अनाथालय' की गंभीरता दे दी। विला में पांच सितारा डाइनिंग हॉल था, जहाँ बुफे लगता था। लेकिन रामप्रसाद जी वहाँ कभी नहीं गए। वे अपने कमरे के कोने में ज़मीन पर बैठकर सूखी रोटियों को पानी में डुबोकर खाते।

जब बहू शालिनी ने रोते हुए पूछा, ÷बाबूजी, क्या खाना अ'छा नहीं है? आप ऐसा क्यों कर रहे हैं?

तो रामप्रसाद जी ने अपनी सूखी कलाइयों को दिखाते हुए कहा, ÷बहू, जब प्रशांत छोटा था, तो कई रातें मैंने सिर्फ पानी पीकर काटी थीं ताकि इसे बादाम मिल सकें। अब मेरा पेट इस शाही पनीर को अपना दुश्मन मानता है। मुझे यह सूखी रोटी खाने दो, ताकि स्वर्ग में जब हिसाब हो, तो मैं कह सकूँ कि मैंने बेटे की तरक्की में एक दाना भी कम नहीं किया। तुम लोग खाओ, मेरी भूख तो प्रशांत की इस कामयाबी को देखकर ही मर गई है।

शालिनी को लगा जैसे पनीर का हर टुकड़ा उसकी गरिमा को काट रहा हो। उस दिन के बाद घर की डाइनिंग टेबल पर सन्नाटा पसर गया। हर निवाला एक 'अपराध' जैसा लगने लगा।

प्रशांत ने बाबूजी के जन्मदिन पर उन्हें रेशमी कुर्ता-पायजामा और हाथ से सिली हुई चमड़े की चप्पलें भेंट कीं। रामप्रसाद जी ने उन कपड़ों को छुआ तक नहीं। वे अपनी वही पुरानी, घिसी हुई हवाई चप्पल पहनकर विला के बगीचे में घूमने लगे, जिसमें पीछे की तरफ एक काला धागा बंधा था ताकि वह टूटे नहीं।

विदेशी मेहमानों और रईस पड़ोसियों के सामने जब वे उस चप्पल को चटकाते हुए निकलते, तो प्रशांत का सिर शर्म से झुक जाता। एक दिन प्रशांत ने झिझकते हुए कहा, ÷बाबूजी, लोग क्या कहेंगे? क्या मेरे पास आपको एक जोड़ी चप्पल दिलाने के पैसे भी नहीं हैं?

रामप्रसाद जी ने एक ऐसी करुण मुस्कान दी जो किसी भी वार से ज़्यादा गहरी थी। ÷बेटा, यह चप्पल गवाह है कि मैंने तुम्हें यहाँ तक पहुँचाने के लिए कितनी ठोकरें खाई हैं। ये नई चप्पलें तो पाँव में छाले डाल देंगी, क्योंकि इन्हें 'संघर्ष' की आदत नहीं है। तू अपनी ब्रांडेड जूतों की चमक संभाल, मुझे मेरी यह फटी हुई पहचान मुबारक। आखिर दुनिया को भी तो पता चले कि एक सफल बेटे के पीछे बाप ने कितनी घिसाई की है।÷

उस रात प्रशांत को लगा जैसे वह कोई विलासी राजा नहीं, बल्कि एक 'चोर' है जिसने अपने बाप की खाल खींचकर अपना साम्रा'य खड़ा किया है।

पराकाष्ठा तब हुई जब रामप्रसाद जी ने विला के एयर कंडीशनर को चलाने से मना कर दिया। मई की चिलचिलाती गर्मी में वे कमरे की खिड़कियाँ बंद करके बैठ जाते। पसीने से तर-बतर, हांफते हुए।

प्रशांत पागलों की तरह कमरे में घुसा, बाबूजी, आप जान ले लेंगे क्या अपनी? क्यों मार रहे हैं मुझे इस ग्लानि से?

रामप्रसाद जी ने धुंधली आँखों से उसे देखा और कांपती आवाज़ में बोले, मैं तुझे मार नहीं रहा बेटा, मैं तो तुझे आज़ाद कर रहा हूँ। तूने मुझे यह महल दिया, मैंने स्वीकार किया। पर मेरी आत्मा तो उसी टीन की छत वाले कमरे में अटकी है जहाँ हम गर्मी में साथ सोते थे। मैं बस यह देख रहा हूँ कि क्या मैं अब भी उस तपिश को सह सकता हूँ? ताकि जब मैं मरूँ, तो तुझे यह मलाल न रहे कि बाप विलासिता में बिगड़ गया था। तू बस मुस्कुरा, मेरी यह घुटन ही तेरी तरक्की का अर्घ्य है।

प्रशांत घुटनों के बल बैठ गया और दहाड़ें मारकर रोने लगा। वह समझ चुका था कि वह हार चुका है। रामप्रसाद जी ने 'पीड़ित' होने का वह ऊँचा सिंहासन पा लिया था, जहाँ से वे बिना एक शब्द कहे, प्रशांत की हर सुख-सुविधा को 'गुनाह' साबित कर सकते थे।

अब उस विला में ऐश्वर्य नहीं, 'ग्लानि' का सन्नाटा पसरा है। रामप्रसाद जी जीत गए थे। उनका 'त्याग' सुमित की सफलता पर एक ऐसा दाग बन गया था जिसे अब कोई 'वॉटर प्यूरीफायर' या 'महंगा डिटर्जेंट' साफ नहीं कर सकता था।

सफाई मित्रों के लिए पारंपरिक खेलकूद कार्यक्रम आयोजित होगे

देवास,अंतिमयादव। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश अनुसार आनंद उत्सव के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए पारंपरिक खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है।

नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर द्वारा बताया गया कि आनंद उत्सव वर्ष 2026 के आयोजनों में मुख्य रूप से पारंपरिक खेल शामिल किए गए है जैसे कबड्डी खो-खो, रस्साकशी, झूला, मटका फोड़ और नींबू चम्मच दौड़, कुश्ती, संगीत, कुर्सी आदि आयोजित किए जा रहे है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों को उनके कार्य से कुछ समय का ब्रेक देना व दैनिक जीवन शैली में आनंद की अनुभूति करवाना है।

रोटरी क्लब ने बच्चों को स्वेटर वितरित किये

देवास,अंतिमयादव। रोटरी क्लब देवास द्वारा गवर्नमेंट स्कूल पुलिस लाइन में बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष डीआर सचिन नागर, सचिव हिमांशु दुबे, प्रेम नारायण तिवारी, हेमंत वर्मा, सुधीर पंडित, भरत विजयवर्गीय एवीएन व अन्य रोटरी साथी भी उपस्थित रहे।

महू से वंदे भारत के लिए बनेगी दो नई पिट लाइन, 95 करोड़ की लागत से मेंटेनेंस और संचालन का केंद्र बनेगा

महू (इंदौर समाचार) रेलवे की प्रस्तावित नई वंदे भारत ट्रेन का परिचालन महू रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने महू स्टेशन पर दो नई पिट लाइन और एक अत्याधुनिक तकनीक से लैस शेड के निर्माण को मंजूरी दी है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 94 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च होंगे।

महू इंदौर रेल यात्रियों के लिए बड़ी और खुशखबरी है। पश्चिम रेलवे ने इंदौर से चलने वाली नई वंदे भारत ट्रेन के संचालन को लेकर अहम फैसला लिया है। महू रेलवे स्टेशन के पास वंदे भारत के लिए दो नई पिट लाइन बनाने की स्वीकृति दे दी गई है।

भारत ट्रेन का प्रमुख मेंटेनेंस और संचालन केंद्र

बनने की दिशा में आगे बढ़ गया है।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल महू रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत के लिए एक पिट लाइन मौजूद है भविष्य में दो नई पिट लाइन बनने के बाद यहां कुल तीन पिट लाइन हो जाएंगी। इससे वंदे भारत ट्रेनों की साफ-सफाई नियमित मेंटेनेंस और रखरखाव का काम पूरी तरह महू स्टेशन पर ही किया जा सकेगा। इसके अलावा अन्य ट्रेनों की भी साफ-सफाई और मेंटेनेंस की सुविधा यहां विकसित की जाएगी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार ने बताया कि महू रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के लिए दो नई पिट लाइन, शेड और जरूरी तकनीकी सुविधाओं के लिए रेलवे बोर्ड ने 94 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है।

पाटीदार समाज के प्रांतीय कार्यालय के भूमिपूजन के लिए करनावद में बैठक संपन्न

राऊ । संजय पाटीदार । नगर करनावद के अंबिका मंदिर में पाटीदार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कृष्णकांत जी पटेल की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

बैठक के पूर्व मां अंबिका का पूजन एवं सरदार पटेल के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात उज्जैन में बनने जा रहे पाटीदार समाज के प्रांतीय कार्यालय वासुदेव परिसर का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कर कमलों द्वारा 25 जनवरी रविवार को होने वाले भूमिपूजन के इस विराट आयोजन के विषय को जिला सचिव शिवप्रसाद जी पाटीदार के द्वारा रखा गया...इस कार्यक्रम के लिए जिला अध्यक्ष डॉ.रूपचंद जी सूर्या के द्वारा नगर के सभी समाजजनों को आमंत्रित किया गया और बैठक में होने वाले विराट आयोजन की भूमिका रखी गई...इस अवसर पर अंबिका मंदिर पाटीदार समाज साँठ गाँव के अध्यक्ष बाबूलाल कटारिया, राममंदिर उज्जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल जी गामी,नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार,नगर पाटीदार समाज अध्यक्ष हीरालाल जी वकील,सरदार पटेल युवा संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील पाटीदार,परसराम नायक,घनश्याम जी बांस,बंशी मामा,दिलीप भई जी,सहित प्रदेश एवं जिला संगठन के पदाधिकारी गण एवं नगर के सामाजिक बंधु उपस्थित थे...कार्यक्रम का संचालन जयराम पाटीदार एवं राहुल पाटीदार के द्वारा किया गया एवं आभार अधिवक्ता लीलाधर पाटीदार ने माना।

महू में खाटू श्याम की निशान यात्रा 23 जनवरी को

महू (इंदौर समाचार) बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा महू के प्राचीन चक्की वाले महादेव से प्रारंभ होकर गोपाल मंदिर पर सम्पन्न होगी निशान यात्रा समिति के संयोजक नितेश शर्मा एवं अध्यक्ष रितेश कौशल ने बताया कि यह यात्रा 23 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे चक्की वाले महादेव से प्रारंभ होकर महू नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गोपाल मंदिर पर आरती के साथ सम्पन्न होगी जिसमें ऊंट, घोड़े, भगवान की आकर्षक झांकियां , बाबा श्याम का दिव्य दरबार , सांवरिया सेठ का दिव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा साथ ही प्रसिद्ध भजन गायक लाइव भजन गायन करते हुए निशान यात्रा में सम्मिलित रहेंगे। निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी बाबा के निशान को उठाकर बाबा की भक्ति में ओत प्रोत होते हुए निशान लेकर चलेंगे, साथ ही गोपाल मंदिर पर निशान चढ़ाने के बाद समस्त निशान खाटू धाम में 25 जनवरी को अर्पित किए जाएंगे । सभी श्याम प्रेमियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर निशान उठाकर एवं सम्मिलित होकर श्याम बाबा की कृपा एवं धर्म लाभ लेवें ।

भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का आयोजन

महू (इंदौर समाचार) भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू में संस्थागत नवाचार परिषद उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ÷, स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ एवं आईक्यूएसी - आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (ढ्ढक्रष्ट) संयुक्त के तत्वावधान राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष में आईडिया टू इनोवेशन थीम पर कॉन्क्लेव आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अभय गुप्ता ने अपने प्रेरक उद्बोधन में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्ट-अप संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नवीन विचारों को व्यावहारिक रूप देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि संजय पाटीदार, संस्थापक पाटीदार इरिगेशन एंड सोलर ने अपने उद्यमशीलता अनुभव साझा करते हुए स्टार्ट-अप क्षेत्र की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में नवाचार,आत्मनिर्भरता एवं रोजगारोन्मुखी सोच के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ.रंजना वर्मा ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए आई सी सी (IIC) की गतिविधियों,उद्देश्यों एवं विद्यार्थियों को नवाचार एवं उद्यमिता से जोड़ने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वहीं उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. इंदुबाला सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने तथा शासकीय एवं संस्थागत संसाधनों का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से डॉ. बरखा जायसवाल ने किया अतिथि परिचय डॉ रेणुका पाटीदार एवं डॉ शिल्पी वर्मा ने दिया तथा अंत में आभार प्रदर्शन इनोवेशन एक्टिविटी आईईसी प्रभारी डॉ खेहलता सिंह द्वारा किया गया ।

कलेक्टर की अध्य क्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

देवास,पवनयादव/ कलेक्ट्र ऋतुराज सिंह की अध्य क्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में संयुक्तद कलेक्ट्र सुश्री अंशु जावला, सीएमएचओ डॉ सरोजनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ आर.पी. परमार, महिला बाल विकास अधिकारी श्री साबिर अहमद सिद्धिकी, कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीएमओ, सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीङ्ककर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने शिशु स्वास्थ्य एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत बच्चों एवं महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं प्रदायगी, आयुष्मान योजना सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम मिशन परिवार विकास कार्यक्रम, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, एनआरसी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, आशा कार्यक्रम, एसएनसीयू, एनसीडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की।कलेक्टशर श्री सिंह ने एएनसी रजिस्ट्रे शन की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में 66.04 प्रतिशत एएनसी कार्य किया गया है। जिस पर कलेक्टिर ने नाराजगी जताते हुए कहा यह विभाग का नियमित कार्य है। इसमें लापरवाही बर्दास्ट नहीं की जायेगी। गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल में एएनसी पंजीयन में लापरवाही पर प्रभारी एएनएम श्रीमती रीना साकते, एएनएम श्रीमती दीपिका वर्मा का 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देशे दिये। शहरी क्षेत्र में मॉनिटरिंग में लापरवाही करने पर बीईई सुखदेव रावत की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। एएनसी कार्य में सोनकच्छी की स्थिति बहुत निराशाजनक होने पर सोनकच्छक बीपीएम दीपक चौहान की दस दिन एवं सोनकच्छ् बीएमओ राकेश कुमार की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये, कलेक्टपर श्री सिंह ने सोनकच्छर में पदस्थि डॉ आदर्श नगेनिया एवं डॉक्टेर वर्षा राय द्वारा मुख्यालदय पर नहीं रहने एवं मरीजों को समय पर सेवा नहीं देने पर शोकाज नोटिस दने के निर्देश दिये।

राधेश्याम स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता..

ट्राई ब्रेकर और मैदानी गोल से डे बोर्डिंग ,स्पॉटिंग यूनियन विजय

महू (इंदौर समाचार) राधेश्याम स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच डे बोर्डिंग क्लब और स्टार आदिवासी इंदौर के बीच खेला गया । ट्राई ब्रेकर में डे बोर्डिंग ने विजय प्राप्त की दूसरा मैच रॉयल क्लब महू और स्पॉटिंग क्लब इंदौर के बीच खेला गया जिसमें स्पोर्टिंग यूनियन इंदौर ने तीन मैदानी गोल से विजय होकर अगले दौर में प्रवेश किया ।

धारनाका युवा मंच द्वारा आयोजित राधेश्याम स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में चौथे दिन दो मैच खेले गए। युवा मंच धारनाका के संरक्षक राम किशोर शुक्ला ने बताया कि पहला मैच डे बोर्डिंग और स्टार आदिवासी क्लब के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का

प्रदर्शन किया। अंतिम समय तक मैच बराबरी पर रहा।मैच का निर्णय ट्राई ब्रेकर से हुआ जिसमे डे बोर्डिंग ने विजय प्राप्त कर अगले दौर में प्रवेश किया।

दूसरा मैच रॉयल क्लब महू और स्पॉटिंग क्लब इंदौर के बीच खेला गया। मध्यांतर तक स्पॉटिंग क्लब इंदौर दो गोल से आगे थी। दोनो ही टीमों तेज और आक्रमक खेल का प्रदर्शन कर लगातार एक दूसरे पर हमले की।

मध्यांतर के बाद स्पॉटिंग यूनियन इंदौर के खिलाड़ियों ने एक और गोल करके टीम को तीन गोल से विजय दिलाई। मैच के अतिथि प्राचार्य डॉ सोएण डाकवले,राहुल पंवार, अजय वर्मा, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी।स्वागत रामकिशोर शुक्ला,, महेश प्रजापति,, डॉ राम आशीष शुक्ला, जय बहादुर, मनोज यादव, शशि शेखर बानवी, पिंटू बड़ोदिया बिट्टू यादव,, राजेश रियार,, त्रिलोकवर्मा, सतीश यादव,आदि ने किया। इस मौके पर जिला फुटबाल एशिसिएशन के चेयरमैन जगदिश चंद्र खोड़े , अशोक पिछे, अमित शुक्ला, नीरज शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। संचालन, जे बी सिंह,शशि शेखर बानवी ने किया, आभार विश्वास दुबे ने माना।

आज के मैच–बुधवार को दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच रसलपुर क्लब महू और इंदौर स्पोर्ट्स के बीच दूसरा मैच आदिवासी क्लब ओर बालाजी स्ट्राइकर के बीच खेला जाएगा। मैच दोपहर डेढ़ बजे से शुरू होंगे।

छावनी परिषद महू द्वारा वाद विवाद चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

महू (इंदौर समाचार) छावनी परिषद महू द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है इसी के अंतर्गत मंगलवार को वाद विवाद, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के अंतर्गत दिनांक 20.01.2026 को प्रातः 09ः30 बजे प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चस्तर स्तर पर बालको/बालिकाओं हेतु वाद-विवाद (क्या लोकतंत्र की मजबूती हेतु स्वृक्र आवश्यक है। चित्रकला एंव रंगोली प्रतियोगिता का स्थानीय देवी अहिल्या बाई होल्कर कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय महू में किया गया। इस अवसर पर अतिथि भरतसिंह ठाकुर, अभिषेक जायसवाल मोहनसिंह रघुवंशी, जयराम चौहान, प्रणय जैन, अश्विन गौस्वामी शुभंकर श्रीवास, सरदार मालवीय उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में श्रीमती श्रद्धा जैन, श्रीमती महरूनिशा, श्रीमती हेमा नजगढ़, श्रीमती अंकिता पोरवाल, श्रीमती सीमा विजय खण्डेलवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी सतीश अग्रवाल, सह प्रभारी दीपक वैद्य उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में शहर के लगभग 20 विद्यालयों के लगभग 100 से अधिक छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता की गयी।

विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

प्राथमिक स्तर :–

स्तर	प्रतियोगिता	प्रथम	द्वितीय	तृतीय	प्रोत्साहन पुरस्कार
प्राथमिक	रंगोली प्रतियोगिता	सोनाक्षी बंसल देवी अहिल्या बाई उ. मा. वि. महू	रानी चौमान डिजायर एकेडमी	श्रेया मालवीय माउण्ट लिटरा जी स्कूल	हर्षी देवड़ा महू पब्लिक स्कूल
	चित्रकला प्रतियोगिता	दुलारी सोलंकी पिता राहुल सोलंकी कैलोद पब्लिक स्कूल	हर्ष स्वामी पिता राजेश स्वामी राजेश्वर विद्यालय	सना खान पिता मो. जावेद खान सावित्री बाई फूले ज्योतिबा फूले स्कूल	-
माध्यमिक	चित्रकला प्रतियोगिता	सागर गावन्डे जे. जी. स्कूल	वीरवर्धन सिंह राजेश्वर विद्यालय	समृद्धि सिंह माउण्ट लिटरा जी स्कूल	श्रेया शगुन केन्द्रीय विद्यालय महू
उच्चतर स्तर	वाद–विवाद प्रतियोगिता पक्ष	अशिका सिकोटा देवी अहिल्या बाई उ. मा. वि. महू	अपेक्षा कर्नल्स एकेडमी	अरिफा खान अब्बू बकर स्कूल	अभिषी पिल्ले केन्द्रीय विद्यालय महू
	विपक्ष	निकिता सिंह आर्मी पब्लिक स्कूल	भूमि देवी अहिल्या बाई उ. मा. वि. महू	अन्नया जे. जी. स्कूल	सांची सिंघा कर्नल्स एकेडमी

प्रतियोगिता के परिणाम

प्राथमिक स्तर-

स्तर प्राथमिक प्रतियोगिता

प्रथम

रंगोली प्रतियोगिता

चित्रकला प्रतियोगिता

माध्यमिक

चित्रकला प्रतियोगिता

उच्चत्तर स्तर

वाद-विवाद प्रतियोगिता विपक्ष

द्वितीय–सोनाक्षी बंसल देवी अहिल्या बाई उ. मा. वि. महू

दुलारी सोलंकी पिता राहूल सोलंकी कैलोद पब्लिक स्कूल सागर गावन्डे जे. जी. स्कूल अशिका निबोदा देवी अहिल्या बाई उ. मा. वि. महू निकिता सिंह आर्मी पब्लिक स्कूल रानी धीमान डिजायर एकेडमी हर्ष स्वामी पिता राकेश स्वामी राजेश्वर विद्यालय वीरवर्धन सिंह राजेश्वर विद्यालय कर्नल्स एकेडमी अपेक्षा पक्ष भूमि देवी अहिल्या बाई उ. मा. वि. मह

तृतीय–श्रेया मालवीय स्कूल माउण्ट लिटरा जी, सना खान पिता मो जावेद खान सावित्री बाई फूले ज्योतिबा फूले स्कूल समृद्धि सिंह माउण्ट लिटरा जी स्कूल अरिना खान अब्बू बकर स्कूल अन्नया जे. जी. स्कूल

प्रोत्साहन–पुरस्कार हर्षी देवड़ा महू पब्लिक स्कूल

श्रेया शगुन केन्द्रीय विद्यालय

अभिश्री पिल्ले केन्द्रीय विद्यालय

मह सांची मिश्रा

कर्नल्स एकेडमी

प्रतियोगिता का संचालन रमेश मईडा एवं श्रीमती मनिषा डेनियल आभार प्रतियोगिता प्रभारी मनोज गंगराडे के द्वारा प्रकट किया गया। इस अवसर पर महादेव पाटोदार, राजेश सोंप, महेश पाटिल, निहार ग्वाल, नितेश पाल एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।